प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

5 सितंबर 2022

विनियामक सैंडबॉक्स - पांचवें कोहोर्ट की घोषणा और 'सीमापारीय भुगतान' पर दूसरे कोहोर्ट के लिए 'ऑन टैप' आवेदन की शुरुआत

विभिन्न हितधारकों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर, और फिनटेक से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर नवोन्मेष को बढ़ावा देने के साथ-साथ विभिन्न उत्पादों/सेवाओं/प्रौद्योगिकी, जो विनियामक सैंडबॉक्स हेतु सक्षम ढांचे के पैरा 6.1.3 में दर्शाये अनुसार रिज़र्व बैंक के डोमेन के अंतर्गत आते हैं, को परीक्षण मंच प्रदान करने के लिए, यह घोषणा की गई है कि विनियामक सैंडबॉक्स के अंतर्गत पांचवां कोहोर्ट विषय तटस्थ होगा। भारतीय रिज़र्व बैंक के विनियामक क्षेत्र में विभिन्न कार्यों में शामिल नवोन्मेषी उत्पाद/सेवाएं/प्रौद्योगिकियां आवेदन करने के लिए पात्र होंगी। इस के लिए आवेदन समयावधि को यथा समय सूचित किया जाएगा।

2. इसके अलावा, विनियामक सैंडबॉक्स हेतु सक्षम ढांचे के अनुसार, 'सीमापारीय भुगतान' पर दूसरा कोहोर्ट अब 'ऑन टैप' आवेदन के लिए भी खुला है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/816